हैं, जिनका फिलहाल देश में निर्माण नहीं किया जाता है ।

राजस्थान में नई रेल लाइन का बिछाया जाना

833. **श्री शिव चरण सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान में नयी रेल लाइन बिछायी जाएगी, यदि हां, तो कहां-कहां पर और कब तक; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) राजस्थान की छोटी रेल लाइन को बड़ी रेल लाइन में कब तक बदला जाएगा अथवा इन लाइनों से होने वाले घाटे की पूर्ति कैसे की जाएगी या क्या इन लाइनों को बन्द किया जायगा ;

(ग) क्या यह सच है कि उत्तर भारत में रेलवे के आधुनिकीकरण तथा विस्तार पर कम धनराशि व्यय की जा रही है; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) जी हां, मथुरा से अलवर तक एक नई रेलव लाइन निर्माणाधीन है और आशा है कि इसे जनवरी, 1994 तक पूरा कर दिया जाएगा ।

(ख) राजस्थान में किसी भी छोटी लाइन को बदलने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है, बहरहाल, राजस्थान में बड़े पैमाने पर मीटर लाइनों को बड़ी लाइनों में बदला जा रहा है, अभी तक 1992–93 और 1993–94 में लालगढ़-कोलायत लालगढ़-मेड़ता रोड़, जयपुर-फुलेरा-डेगाना को बड़ी लाइन में बदल दिया गया है । रेवाड़ी-बांदी कुई-जयपुर-फुलेरा-मारवाड़ अहमदाबाद, डेगाना-मेड़ता रोड़-जोधपुर, जोधपुर-जैसलमेर खंडों पर आमान परिवर्तन का काम चल रहा है और यह काम आठवीं पंचवर्षीय योजना में पूरा हो जाएगा । इसके अलावा, जोधपुर-मारवाड़ और लूनी-मुनाबाव के आमान परिवर्तन का काम भी अनुमोदित है और इसे आने वाले वर्षों में शुरू किया जाएगा, शेष मीटर लाइनों, जिन पर हल्का यातायात होता है, को नई रेल बसों द्वारा सेवित किया जाएगा जिन्हें इस समय विकसित किया जा रहा है

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

बुक किये गये माल की चोरी की घटनाओं में वृद्धि

834. **श्री अजीत जोगी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बुक किये गये माल और रेलवे सम्पत्ति की चोरी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और पिछले तीन वर्षों के दौरान जोन-वार कितने मूल्य के माल की चोरी हुई है ;

(ग) उक्त अवधि के दौरान कितने प्रतिशत माल तथा रेलवे सम्पत्ति बरामद की गई ;

(घ) इसके लिए कितने व्यक्ति जिम्मेदार ठहराये गये हैं और कितने व्यक्तियों को पकड़ा गया है ; और

(ङ) क्या सरकार ने ऐसी चोरी को रोकने और चोरी के ऐसे माल को बरामद करने के मामले में सुधार लाने के लिए कोई नए तरीके अपनाये हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका) :(क) जी नहीं, विगत दो वित्तीय वर्षों की तुलना में वित्तीय । वर्ष 1992–93 के दौरान बुक किए गए परेषणों की चोरियों से संबंधित मामलों की संख्या में काफी गिरावट आई है । परन्तु विगत दो वित्तीय वर्षों की तुलना में वित्तीय वर्ष

1992-93 के दौरान रेलवे के सामान की चोरी से संबंधित मामलों की संख्या में मामूली सी वृद्धि हुई।

(ख) से (घ) एक विवरण संलग्न अनुपत्र में दिया गया है [देखिये परिशिष्ट 169, अनुपत्र सं० 19]

(ङ) ऐसी चोरियों की रोकथाम के लिए निम्नलिखित निवारक उपाय किए जा रहे हैं :-

1. जहां तक संभव हो, मूल्यवान और महत्वपूर्ण परेषण से जा रही गाड़ियों में मार्गरक्षी तैनात करना।

2. यार्डों और अन्य भेदय क्षेत्रों/खंडों में गहन वीट गश्त लगाना।

3. अन्तर्बदल स्थलों पर संयुक्त जांच करके उन माल डिब्बों की क्या क्या जायजा लेना, जिनमें चोरी आदि की संभावना वाले परेषण ले जाए जा रहे हों।

4. जहां तक संभव हो, भेदय खंडो में रेलवे सुरक्षा बल के सशस्त्र दस्ते तैनात/लगाये जाते हैं।

5. अपराधियों का पता लगाने के उद्देश्य से, अपराध आसूचना एकत्र करने के लिए सादी वर्दी वाले रे० सु०ब० कर्मी भी लगाये जाते हैं।

6. भेद्य यार्डों और क्षेत्रों में गश्त लगाने के लिए उपलब्धता के अनुसार कुत्ता दस्ते लगाये जाते हैं।

7. अपराधियों और चुरायी गई संपत्ति के प्राप्तकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए रे०सु०ब०, रा० रे०पु० और स्थानीय पुलिस के बीच विभिन्न स्तरों पर निकट समन्वयन बनाये रखा जाता है।

Dispute regarding Konkan Railway passing through Goa

835. SHRI N. GIRI PRASAD:
SHRI N. E. BALARAM:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the dispute on the Goa sector of Konkan Railway has been sorted out and the work on this sector has since resumed;

(b) if so, the terms of the agreement reached thereon; and

(c) by when the work is expected to be completed?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. LENKA): (a) Yes, Sir.

(b) The Oza Committee has given its recommendation to follow the present alignment with certain measures to further take care of environmental aspect. These recommendations have been accepted by the Government of India. The Goa Government has also agreed.

(c) March, 1995 subject to availability of resources.

Wagon orders placed with the Braithwaite and Company Ltd.

836. SHRI GURUDAS DAS GUPTA:
SHRI CHATURANAN MISHRA:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a delegation comprising representatives of the Central Trade Unions met the Railway Board Chairman and urged him to raise the wagon order placed with the Braithwaite and Company Ltd. for the last quarter of the current year; and

(b) if so, what are the details thereof and Government's response thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. LENKA): (a) Yes, Sir.

(b) The question of releasing orders on wagon building units including Braithwaite for the production period January—March '94 namely the last Quarter of the current Financial Year is under consideration.